कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) मेघालय, शिलांग
एम.जी.रोड, सचिवालय हिल्स, गवर्नर हाउस के सामने, पिन-793001

OFFICE OF THE PR. ACCOUNTANT GENERAL (A&E) MEGHALAYA, SHILLONG
MG Road, Secretariat Hills, Opposite to Governor House, PIN-793001

परिपत्र सं. 30 दिनांकः 09/10/2025

कृपया कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, मध्यप्रदेश का पत्र सं. रा.भा.अनु./सं.रा.भा.स.निरी.-2025/डी-20 दिनाकः 07.10.2025 की प्रति अवलोकन करें, जो स्वव्याख्यात्मक है।

इस पत्र के अनुपालना में भविष्य में कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) -प्रथम, मध्यप्रदेश के साथ सभी पत्राचार हिंदी में किया जाना सुनिश्चित करें।

हस्ता/-

वरिष्ठ उप महालेखाकार (प्रशासन)

सं. हिन्दी प्रकोष्ठ/56/संसदीय राजभाषा समिति/2024-25/365-371 दिनांकः 09.10.2025

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रतिलिपि अग्रेषितः

1. प्रधान महालेखाकार महोदय के निजी सचिव
2. वरिष्ठ उप महालेखाकार (प्रशासन) महोदय के निजी सहायक
3. उप महालेखाकार (ले.ह. व वी.एल.सी.) महोदय के निजी सहायक
4. सभी शाखा अधिकारी
5. सभी अनुभाग प्रभारियों से अनुरोध है कि अपने अंर्तगत सभी कार्मिकों को उपरोक्त विषय के संदर्भ में सूचित करें।
6. सहायक लेखा अधिकारी, ई.डी.पी. प्रकोष्ठ से अनुरोध किया जाता है कि कृपया उक्त परिपत्रो को इस कार्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करें।
7. सूचना पट्ट।

सहायक निदेशक (राजभाषा)

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) मेघालय, शिलांग
एम.जी.रोड, सचिवालय हिल्स, गवर्नर हाउस के सामने, पिन-793001

OFFICE OF THE PR. ACCOUNTANT GENERAL (A&E) MEGHALAYA, SHILLONG
MG Road, Secretariat Hills, Opposite to Governor House, PIN-793001

Circular No. 30 Date: 09/10/2025

Please find herewith a copy of O/o the Accountant General (A&E)-I, Madhya Pradesh letter no. O.L.S./Parliamentary Committee Inspection-2025/D-20 dated: 07.10.2025, which is self explanatory.

In compliance with this letter, it may be ensured that all future correspondence with O/o the Accountant General (A&E)-I, Madhya Pradesh is made in Hindi.

Sd/-

Sr. Deputy Accountant General (Admn.)

No. हिन्दी प्रकोष्ठ/56/संसदीय राजभाषा समिति/2024-25/365-371 Date: 09.10.2025

Copy forwarded for information and necessary action to:

1. PA to the Pr. Accountant General.
2. P.A. to the Sr. Deputy Accountant General (Admn.)
3. P.A. to the Deputy Accountant General (AE & VLC).
4. All B.O.'s
5. All Section in-charge with a request to bring the contents of the above circular to the notice of all staff working under them.
6. AAO/ EDP Cell, is requested to upload this circular on the website of this office.
7. Notice Board.

Assistant Director (OL)

# [Cag-all-users] Details of follow-up action on the insurance given by Parliamentary Official Language Committee (Third sun committee) on inspection date 18.07.2025

**PAG Gwalior via Cag-all-users** < cag-all-users@lsmgr.nic.in >

Tue, 07 Oct 2025 2:54:52 PM +0530

To "cag-all-users"<cag-all-users@lsmgr.nic.in>,"cag-all-offices"<cag-all-offices@lsmgr.nic.in>

***Sir/Madam,***

*Please find the attached letter and attachment related to the subject mentioned above.*

*With regards,*

***Deputy Accountant General (Admn.)/Rajbhasha Adhikari***
***O/o the Accountant General (A&E)-I,***
***Madhya Pradesh, Gwalior.***

---

Cag-all-users mailing list -- cag-all-users@lsmgr.nic.in

**1 Attachment(s)**

Rajbhasha D-20 dated 07.10.2…
855.8 KB

08.10.25

08/10/25
69

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, मध्य प्रदेश, का कार्यालय
ग्वालियर-474002

क्र.रा.भा.अनु./सं.रा.भा.स.निरी.-2025/डी- 20 दिनांक:07.10.2025

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालय प्रमुख
भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग

विषयः संसदीय राजभाषा समिति (तीसरी उप समिति) द्वारा निरीक्षण दिनांक 18.07.2025 को दिये गए आश्वासन पर अनुवर्ती कार्रवाई का विवरण।

महोदय,

निवेदन है कि संसदीय राजभाषा समिति (तीसरी उप समिति) द्वारा इस कार्यालय का दिनांक 18.07.2025 को निरीक्षण किया गया था। समिति कार्यालय के पत्र सं.11012/06/2025-समिति-3 दिनांक 12.08.2025 में अन्य बातों के साथ-साथ "ध्यान देने योग्य बातें " पर भी कार्रवाई करने के निदेश दिए गए हैं। **इसी क्रम में कृपया संलग्न ध्यान देने योग्य बातें / आश्वासन की प्रति के बिन्दू क्रं.सं.5 का अवलोकन करें।** उक्त के आलोक में विनम्र निवेदन है कि कृपया इस कार्यालय से भविष्य में अंग्रेजी में पत्राचार न करते हुए हिंदी में पत्राचार करने का कष्ट करें।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार

(1) समिति के पत्र की प्रति।

(2) ध्यान देने योग्य बातें।

भवदीय

उप महालेखाकार (प्रशासन)
व राजभाषा अधिकारी

संसदीय राजभाषा समिति

**Committee of Parliament on Official Language**

11, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिल्ली-110011

11, Teen Murti Marg, New Delhi-110011

693/C.

सं. 11012/06/2025-समिति-3 दिनांक: 12.08.2025

सेवा में,

**भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक,**
**भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय,**
**पॉकेट-9, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग,**
**नई दिल्ली-110124**

DAG/Admn
on to
L.A. Gupta
25/8

CAM 4976 26/8/25

विषय: **संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति को निरीक्षण के दौरान दिए गए आश्वासनों पर अनुवर्ती कार्रवाई के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय पर इस कार्यालय के **दिनांक 27.06.2025** के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन के अनुक्रम में संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति द्वारा निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण किया गया:-

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम व स्थान | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) –द्वितीय का कार्यालय, ग्वालियर | 18.07.2025 |
| 2 | महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-I, मध्य प्रदेश का कार्यालय, ग्वालियर | 18.07.2025 |

2. निरीक्षण के दौरान उक्त कार्यालयों द्वारा माननीय समिति को कुछ आश्वासन दिए गए जिनका विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है। अनुरोध है कि आश्वासनों को पूरा करने के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों (प्रति संलग्न) को ध्यान में रखते हुए अनुपालन रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में इस पत्र के जारी होने की तिथि से 03 माह के भीतर समिति सचिवालय को भिजवाने की कृपा करें।

संलग्नक: यथोपरि।

भवदीया,

(राधा कत्याल नारंग)
सचिव (समिति)
दूरभाष: 011-23012933

**प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :**

1. महालेखाकार (लेखा एवं हक) –II, महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) –द्वितीय का कार्यालय, झांसी रोड, ग्वालियर, मध्य प्रदेश-474002
2. महालेखाकार, महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-I, मध्य प्रदेश का कार्यालय, ग्वालियर-474002

सहा. निदे. / रा. भा.
26/8/25

श्री लोहट, हि.अनु.
26/8/2025

व.प्र.-23
26/8/25

D.A.G (Admn)
क्र./ S.No. 341 दि. / Date 26/8/25

26/8

संसदीय राजभाषा समिति

(तीसरी उप-समिति)

*****

निरीक्षण की तारीख: 18.07.2025

कार्यालय का नाम: महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, ग्वालियर, मध्य प्रदेश

(भाषा क्षेत्र: 'क')

| क्र.सं. | पृष्ठ सं. | मद सं. | ध्यान देने योग्य बातें |
|---|---|---|---|
| 1 | | [illegible] | यह कार्यालय का दूसरा निरीक्षण है। पहला निरीक्षण दिनांक 21.02.1995 को किया गया। |
| 2 | 3 | 6 | **स्वीकृत कार्मिकों की कुल संख्या** 475 — **तैनात कार्मिकों की कुल संख्या** 300 |
| 3 | | अनुच्छेद संख्या 4 | कार्यालय का पूर्व में भी निरीक्षण किया गया है, किंतु कई पृष्ठों की मदों पर अद्यतन आंकड़ों के साथ पिछले आंकड़े कोष्ठक में नहीं दिए गए हैं, जो समिति द्वारा दिए गए अनुदेशों की अवहेलना है। **कृपया इसे स्पष्ट करें।**<br>**भविष्य में संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दिए गए सभी अनुदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन किया जाए।** |
| 4 | 3 | 8(i) | कार्यालय में तैनात 300 कार्मिकों में से 249 कार्मिक हिंदी में प्रवीणता प्राप्त और 51 को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कार्मिकों को हिंदी में प्रवीण बनाने हेतु रोस्टर तैयार कर **केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान के हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत** हिंदी भाषा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में नामित किया जाए।<br>**माननीय राष्ट्रपति जी के आदेशानुसार 'क', 'ख' एवं 'ग' क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में कार्मिकों को हिंदी का प्रशिक्षण वर्ष 2025 तक पूरा किया जाना है।** |
| 5 | 15 | 13(x) | **कार्यालय को केन्द्र सरकार के जिन कार्यालयों से अंग्रेजी में पत्र प्राप्त हो रहे हैं उनके मंत्रालय के सचिव/सक्षम प्राधिकारी की ओर से राजभाषा नियमों का पालन करने संबंधी अनुदेश जारी किए जाएं।** |
| 6 | 29 | 17<br>(iii) | कार्यालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में कार्यालय प्रमुख द्वारा भाग नहीं लिया जा रहा है। कृपया इसका कारण स्पष्ट करें।<br>**यह सुनिश्चित किया जाए कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में कार्यालय प्रमुख स्वयं नियमित रूप से भाग लें।** |
| 7 | 32 | 20 | राजभाषा के प्रचार-प्रसार तथा संवर्धन के लिए कार्यालय स्तर पर भी राजभाषा सम्मेलन/समारोह का आयोजन किया जाए। |

**मुख्यालय- भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, नई दिल्ली**

**भाषा क्षेत्र 'क'**

| क्र.सं. | पृष्ठ सं. | मद सं. | ध्यान देने योग्य बातें |
|---|---|---|---|
| 8 | 52 | 2 | राजभाषा के प्रचार-प्रसार तथा संवर्धन के लिए मुख्यालय स्तर पर भी राजभाषा सम्मेलन/समारोह का आयोजन किया जाए। |
| 9 | 54 | 16<br>(iii)<br>(3) | मुख्यालय के अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन तथा अनुवाद कार्य में संलग्न पूर्णकालिक 125 पद रिक्त हैं। मुख्यालय द्वारा इन रिक्त पदों को भरने के संबंध में क्या कार्रवाई की गई है? **कृपया माननीय समिति को अवगत कराएं।**<br>**मुख्यालय द्वारा कार्यालय में रिक्त पड़े हिंदी पदों को भरने के लिए यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए और इस संबंध में की गई कार्रवाई/प्रगति की सूचना समिति सचिवालय को भेजी जाए।** |

मुख्यालय के अंतर्गत राजभाषा नीति के कार्यान्वयन तथा अनुवाद कार्य के [illegible] कनिष्ठ अनुवादक का 01 पद रिक्त है।

**मुख्यालय द्वारा कार्यालय में रिक्त पड़े हिंदी पदों को भरने के लिए यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए और इस संबंध में की गई कार्रवाई प्रगति की सूचना समिति सचिवालय को भेजी जाए।**

यह अपेक्षा की जाती है कि मदों पर कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए उपरोक्त निरीक्षण बैठक में माननीय सदस्यों को दिए गए अन्य आश्वासनों पर अनुवर्ती कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट समिति सचिवालय को तीन मास के अंदर भेजी जाएगी।